This question paper contains 4 printed pages]

आपका अनुक्रमांक....................

5996

Concurrent Course for Hon. Prog. A

HINDI LANGUAGE (Lower)–Qualifying Course

हिंदी भाषा (अवर)–योग्यता प्रदायी पाठ्यक्रम

समय : 2 घण्टे *पूर्णांक* : 50

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 350 शब्दों में लिखिए।

1. हिंदी भाषा के भौगोलिक स्वरूप का परिचय दीजिए ।

अथवा

भाषा की परिभाषा देते हुए हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालिए । 7

2. वर्तनी की दृष्टि से भाषा के मानक रूप पर विचार कीजिए ।

अथवा

भाषा और बोली का अन्तर स्पष्ट कीजिए । 7

P.T.O.

3. (क) पहले वाक्य में से संज्ञा और सर्वनाम तथा दूसरे वाक्य में से विशेषण और क्रिया छाँटिए : 2

(i) गीता तुम्हारी पुस्तक पढ़ रही है ।

(ii) मदन पाँच लीटर दूध ला रहा है ।

(ख) किन्हीं **दो** के विलोम लिखिए : 1

आयात, स्थूल, अनुज, सामिष ।

(ग) किन्हीं **दो** के **दो-दो** पर्याय लिखिए : 2

हाथी, पक्षी, पुष्प, जंगल ।

(घ) किन्हीं **चार** शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए : 2

कवियत्री, उज्जवल, धरम, अभिलाशा, निर्भिकता, राजनीती ।

(ङ) किन्हीं **दो** वाक्यों के शुद्ध रूप लिखिए : 2

(i) मनन, मोहन और गीता पढ़ती है ।

(ii) एक कहानियों की पुस्तक ला दीजिए ।

(iii) कृपया भोजन कर लो ।

(iv) मैंने आज लखनऊ जाना है ।

(च) किन्हीं **दो** मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए :

(*i*) खून पसीना एक करना;

(*ii*) गुड़-गोबर करना;

(*iii*) हवा से बातें करना;

(*iv*) कान पकना । 2

(छ) किन्हीं **दो** लोकोक्तियों का वाक्य में प्रयोग कीजिए :

(*i*) एक अनार सौ बीमार;

(*ii*) मान न मान मैं तेरा मेहमान;

(*iii*) दूध का दूध पानी का पानी;

(*iv*) खोदा पहाड़ निकली चुहिया । 2

4. किसी **एक** का पल्लवन कीजिए (अधिकतम 200 शब्द) :

(क) का वर्षा जब कृषि सुखाने ।

(ख) युवा-शक्ति ।

अथवा

किसी **एक** पर अनुच्छेद लिखिए :

(क) कमरतोड़ महँगाई;

(ख) मोबाइल फोन । 5

5. चुनाव-प्रचार के दौरान पोस्टर आदि पर होने वाले बेतहाशा खर्च को रोकने हेतु किसी दैनिक समाचार-पत्र के सम्पादक को पत्र लिखिए ।

अथवा

अपने महाविद्यालय में होने वाले वार्षिक उत्सव का वर्णन करते हुए अपने माता-पिता को पत्र लिखिए । 8

6. किसी **एक** विषय पर निबंध लिखिए (400 शब्द) : 10

(*i*) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार-मेला

(*ii*) राष्ट्रमंडल खेल-2010

(*iii*) प्रात:कालीन भ्रमण

(*iv*) मेरा प्रिय साहित्यकार ।